पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले भारतीय राजदूत

लखनऊ: 5 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में इथोपिया में तैनात भारत के राजदूत श्री अनुराग श्रीवास्तव ने शिष्टाचारिक भेंट की। श्री अनुराग भारतीय विदेश सेवा के 1999 बैच के अधिकारी हैं तथा आई0आई0टी0 कानपुर से उन्होंने मैकेनिकल इंजिनियरिंग में बी0टेक0 किया है।

राज्यपाल ने भेंट के दौरान इथोपिया में निवास कर रहे भारतीय नागरिकों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि शिक्षा, पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन में आपसी तालमेल से दोनों देशों के मध्य नया अध्याय जोड़ा जा सकता है। भारत के इथोपिया से पुराने व्यापारिक संबंध रहे हैं। दोनों ने उत्तर प्रदेश से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश की विशेषता की चर्चा करते हुए कहा कि संस्कृतियों के आदान-प्रदान एवं परस्पर सहयोग से कई क्षेत्रों में अच्छा कार्य हो सकता है।

श्री नाईक ने कहा कि भारत 2020 तक विश्व का सबसे युवा देश होगा। युवा पीढ़ी को देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। राज्यपाल ने भारतीय राजदूत से कहा कि आप भी युवा है तथा उत्तर प्रदेश से जुड़े रहे हैं, आपको भी प्रदेश के विकास के संबंध में विचार करना चाहिए।

अंजुम/ललित/राजभवन (275/5)